**उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय महानगर लखनऊ – 226006**

**पत्र संख्याः** ए–199 / 2021(भर्ती) **दिनांकः** नवम्बर 14, 2025

# कार्यालय ज्ञाप

उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय लखनऊ के समसंख्यक कार्यालय ज्ञाप दिनांकः 07.08.2025 के क्रम में निर्गत ज्ञाप दिनांकः 29.08.2025 के अनुसार सहायक परिचालक पद पर चयनित अभ्यर्थियों का आधारभूत प्रशिक्षण दिनांकः 01.11.2025 से आरम्भ किया जाना निर्धारित कर विभिन्न माध्यम से सर्वसम्बन्धित को सूचित किया गया।

समांक ज्ञाप दिनांकः 03.10.2025 एवं 28.10.2025 के अनुसार दिनांकः 01.11.2025 से प्रशिक्षण प्रारम्भ किये जाने के सम्बन्ध में सर्वसम्बन्धित को पुनः सूचित किया गया।

कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण केन्द्र में दिनांकः 01.11.2025 को आगमन नहीं किया गया है तथा विभिन्न कारण दर्शाते हुए प्रशिक्षण केन्द्र में विलम्ब से आगमन की अनुमति सम्बन्धी प्रत्यावेदन प्रेषित किये जा रहे हैं।

अतएव ऐसे अभ्यर्थी जिन्हें नियुक्ति पत्र निर्गत किया जा चुका है उन्हें प्रशिक्षण केन्द्र में आगमन करने हेतु **अन्तिम तिथि दिनांकः 26.11.2025 निर्धारित** की जाती है। **इसके पूर्व सर्वसम्बन्धित का बायोमेट्रिक सत्यापन दिनांकः 25.11.2025 को उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय लखनऊ में कराया जायेगा।**

अतः सर्वसम्बन्धित अपने आवण्टित प्रशिक्षण केन्द्र में दिनांकः 26.11.2025 को समय 1000 बजे आगमन करना सुनिश्चित करेंगे तथा आवण्टित प्रशिक्षण केन्द्र पहुँचने से पूर्व बायोमेट्रिक सत्यापन हेतु दिनांकः 25.11.2025 को समय 1000 बजे उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय महानगर लखनऊ में उपस्थित होंगे।

14.11.25

**राजेन्द्र कुमार**
**राज्य रेडियो अधिकारी (प्रशिक्षण)**
**उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय**
**महानगर लखनऊ**